## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

## "अपराधियों पर कोतवाली व SOG का करारा प्रहार, अवैध शस्त्रों की फैक्ट्री ध्वस्त, सलाखों के पीछे गुनहगार!"

# थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं SOG की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, 02 शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार भारी मात्रा में बने/अर्धनिर्मित तमंचे, कारतूस, कूटरचित नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल बरामद

**दिनांकः-08.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है।

महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री आलोक सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री कपूर कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी व थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए **अवैध शस्त्र बनाने/मरम्मत करने वाली फैक्ट्री का सफल अनावरण** किया गया है। मौके से **02 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया है तथा अवैध शस्त्र, कारतूस, कूट रचित नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल एवं शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

**अभियुक्तगण का विवरण:**

**1.इमरान पुत्र अमीन, निवासी ड्योड़ी डीह, थाना तम्बौर, जनपद सीतापुर (थाना तम्बौर का मस्कन/हिस्ट्रीशीटर अपराधी)**

**2.निसार पुत्र मेंहदी, निवासी ड्योड़ी डीह, थाना तम्बौर, जनपद सीतापुर (थाना तम्बौर का मस्कन/हिस्ट्रीशीटर अपराधी)**

**बरामदगी का विवरण:**

- **अवैध तमंचे (315 बोर):** 03 अदद चालू हालत में
- **अवैध तमंचे (12 बोर):** 04 अदद (मरम्मत हेतु)
- **अद्धी (12 बोर):** 01 अदद (चालू हालत में)
- **अर्ध-निर्मित तमंचा (315 बोर):** 01 अदद
- **जिंदा कारतूस:** 05 अदद (02 अदद 315 बोर, 02 अदद 32 बोर, 01 अदद 12 बोर)
- **खोखा कारतूस:** 05 अदद (04 अदद 32 बोर, 01 अदद 315 बोर)
- **मोटरसाइकिल:** 01 अदद हीरो स्पलेंडर प्लस (कूटरचित नंबर प्लेट UP31 AW 2832 लगी हुई, वास्तविक नंबर UP31 BU 1214)

- **मोबाइल फोन:** 01 अदद CMT (काला रंग)
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण:** 01 अदद भट्ठी, 01 अदद धौंकनी, 01 अदद वर्मा मशीन, बांक, पाना, 24 अदद रिंच, छेनी, हथौड़े, रेती, गिरमिट, सुहागा, लोहे की नाल व फ्रेम/पत्तियां आदि।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:**

थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी टीम 22वीं वाहिनी एनसीसी सीतापुर कैंपस के बाहर गश्त/चेकिंग के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान ग्रास फील्ड की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार (इमरान) को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर बैरियर के पास पकड़ा गया। जामा तलाशी व मोटरसाइकिल की डिग्गी की जांच करने पर 03 अदद 315 बोर तमंचे (चालू हालत में) तथा एक मोबाइल बरामद हुआ। वाहन के ई-चालान ऐप से जांच करने पर पाया गया कि मोटरसाइकिल की वास्तविक नंबर प्लेट बदल कर कूटरचित नंबर प्लेट लगाई गई थी।

अभियुक्त इमरान की निशानदेही पर पुलिस टीम ने ग्रास फार्म के अंदर बिजली ऑफिस के पास घनी झाड़ियों में दबिश दी, जहां मोमबत्ती की रोशनी में अवैध शस्त्र बनाए जा रहे थे। मौके से अभियुक्त निसार को गिरफ्तार किया गया, अन्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से भारी मात्रा में अवैध तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने/मरम्मत करने के उपकरण, भट्ठी व वर्मा मशीन बरामद हुए।

**पंजीकृत अभियोग व विधिक कार्यवाही:**

पकड़े गए अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर **मु0अ0सं 221/26 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) BNS** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है।

**उल्लेखनीय है कि गिरफ्तारशुदा दोनों अभियुक्त (इमरान व निसार) थाना तम्बौर के पंजीकृत हिस्ट्रीशीटर अपराधी हैं, अभियुक्त इमरान उर्फ कालिया उपरोक्त के विरूद्ध जनपद सीतापुर, बहराईच, खीरी, गोण्डा, सिद्धार्थनगर के थानों पर करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। जिनका विस्तृत आपराधिक इतिहास निम्नवत है:-**

| इमरान उर्फ कालिया पुत्र अमीन उर्फ आमीन निवासी डेयोडी डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर (HS सं0 790ए ) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0सं0** | **मु0अ0सं0** | **धारा** | **थाना** | **जनपद** |
| 1 | 166/15 | 25(1 बी ) आयुद्ध अधिनियम | तम्बौर | सीतापुर |
| 2 | 53/2020 | 380/457/411 भादवि | तम्बौर | सीतापुर |
| 3 | 240/17 | 3/25 आयुद्ध अधिनियम | तम्बौर | सीतापुर |
| 4 | 33/18 | 429 भादवि | तम्बौर | सीतापुर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 191/18 | 381/411/457 भादवि | तम्बौर | सीतापुर |
| 6 | 198/18 | 380/411 भादवि | तम्बौर | सीतापुर |
| 7 | 208/24 | 4/25 आयुद्ध अधिनियम | तम्बौर | सीतापुर |
| 8 | 480/24 | 25(1 बी ) आयुद्ध अधिनियम | तम्बौर | सीतापुर |
| 9 | 219/15 | 380/457 भादवि | पिसावा | सीतापुर |
| 10 | 279/15 | 380/411/413/457 भादवि | रामकोट | सीतापुर |
| 11 | 273/15 | 380/457 भादवि | सकरन | सीतापुर |
| 12 | 2132/16 | 380/457 भादवि | दरगाहशरीफ | बहराइच |
| 13 | 14/22 | 380/457/411 भादवि | कोतवाली सदर | खीरी |
| 14 | 359/22 | 307/401 भादवि | कोतवाली सदर | खीरी |
| 15 | 360/22 | 3/25 आयुद्ध अधिनियम | कोतवाली सदर | खीरी |
| 16 | 33/17 | 380/457/411 भादवि | कौडिया | गोण्डा |
| 17 | 31/24 | 3/25 आयुद्ध अधिनियम | पदुआ | खीरी |
| 18 | 90/24 | 305(a), 317(2), 331(4) बीएनएस | भवानी गंज | सिद्धार्थ नगर |
| 19 | 221/26 | 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व 5/25 आयुद्ध अधिनिमय | कोतवाली नगर | सीतापुर |

**निसार पुत्र मेंहदी निवासी डेयोडी डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर (एचएस सं05780ए)**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 261/22 | 323/324/325/452/504/506 भादवि | तम्बौर | सीतापुर |
| 2 | 19/26 | 323/504/506 भादवि | तम्बौर | सीतापुर |
| 3 | 2586/16 | 380/457/411 भादवि | बिशेशर गंज | बहराइच |
| 4 | 85/25 | 3/5/25 आयुद्ध अधिनिय | खैरीघाट | बहराइच |
| 5 | 221/26 | 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व 5/25 आयुद्ध अधिनिमय | कोतवाली नगर | सीतापुर |

**थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम:**

1. प्र0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय
2. उ0नि0 यू0टी0 शिवम मिश्रा
3. उ0नि0 अश्मित भारती
4. रि0का0 सचिन सोनकर, रि0का0 निर्मल कमल, रि0का0 उदय पाठक, रि0का0 ललित कुमार, का0 रामराज, रि0का0 संजय कुमार, हो0गा0 अल्ताफ।

**SOG पुलिस टीम:** निरीक्षक श्री सत्येंद्र विक्रम सिंह, उप निरीक्षक श्री अरविन्द शुक्ला, हे का शराफ़त अली, हे का अविनाश सिंह, हे का राहुल कुमार, क आ गुरपाल सिंह, का दीपक रंजन, का प्रशांत शेखर सिंह, का पुनीत कुमार, का सोनल तोमर, का अमित मांगट, का दानवीर, का भानु, का शैंकी, म का डाली रानी

**पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर द्वारा पुलिस टीम द्वारा की गई इस सहरानीय कार्य हेतु 25,000/- रुपये का नगद पुरुस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई।**


ANKUR AGARWAL


CLARET